प्र. ६. (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो के रचना के अनुसार भेद पहचानकर लिखिए : (२) [१०]

(१) भगवान का नाम गुहारते-गुहारते मैंने घर से विदा ली और उनके यहाँ पहुँची।

(२) शनि के और भी कुछ चंद्र हो सकते हैं।

(३) जब आप किसी नए नगर में जाते हैं, तब अपने साथ पथ-प्रदर्शक ले सकते हैं।

(आ) कोष्ठक की सूचना के अनुसार किन्हीं दो वाक्यों का काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए : (२)

(१) काम करने से भीतर की शक्ति जाग उठती है।
(पूर्ण भूतकाल में बदलिए।)

(२) बुआ जी बड़ी चिंतित हो उठी थीं।
(सामान्य भूतकाल में बदलिए।)

(३) कर्तव्य संपादन में दत्तचित्त हो जाने पर सफलता दूर नहीं रहती है।
(सामान्य भविष्यकाल में बदलिए।)

(इ) (i) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का भाववाचक संज्ञा का रूप लिखिए : (१)

(अ) व्याकुल (ब) आज़ाद

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण रूप लिखिए : (१)

(अ) प्रवाह (ब) दीनता

(ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (२)

(१) चकित होना। (२) रूह काँपना।
(३) डींग हाँकना। (४) कलेजे में तीर लगना।

(उ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए : (२)

(१) मैंने अपने जीवनी में इसका अनुभव की है।

(२) गोधूली कूदकर मेरा कंधे पर आ बैठा।

(३) नर्स कहीं चला गई था।